# आबू में मिला ब्रिटिशकाल में लगाया गया देश का दूसरा सबसे मोटा ''सफेदा वृक्ष''

## माउंट आबू वन्यजीव अभयारण्य में 150 साल पहले लगाया गया था ''सफेदा वृक्ष''


**जयपुर/जालौर।** राजस्थान की प्राकृतिक और वन विरासत को लेकर एक महत्वपूर्ण खोज सामने आई है। सिरोही जिले के माउंट आबू वन्यजीव अभयारण्य में ब्रिटिशकाल में लगाया गया करीब 150 वर्ष पुराना सफेदा (यूकेलिप्टस) वृक्ष देश का दूसरा सबसे मोटा सफेदा वृक्ष पाया गया है। इसकी खोज और रिकॉर्ड संबंधी पड़ताल उदयपुर के वन विशेषज्ञ एवं पूर्व वन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार शर्मा ने की है। माउंट आबू वन्यजीव अभयारण्य के उप वन संरक्षक अनिल गुप्ता की सूचना के बाद डॉ. शर्मा ने मौके पर पहुंचकर वृक्ष का अध्ययन किया और इसके माप-आंकड़ों का राष्ट्रीय

- **करीब 150 वर्ष पुराने सफेदा (यूकेलिप्टस) वृक्ष की खोज और रिकॉर्ड संबंधी पड़ताल उदयपुर के वन विशेषज्ञ एवं पूर्व वन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार शर्मा ने की**

रिकॉर्ड से मिलान किया। पुलिस मुख्यालय, राजस्थान में अतिरिक्त निदेशक (जनसम्पर्क) और प्रसिद्ध प्रकृति विज्ञानी डॉ. कमलेश शर्मा ने इस उपलब्धि को राज्य की जैव विविधता और समृद्ध खोज परम्परा के लिए गौरव का क्षण बताया है।

डॉ. शर्मा के शोध के अनुसार आबू पर्वत का यह विशाल सफेदा वृक्ष लगभग 150 वर्ष पुराना, करीब 20 मीटर ऊंचा है। इसकी वृक्ष ऊंचाई (छाती की ऊंचाई) पर परिधि 4.55 मीटर दर्ज की गई है। यही आंकड़ा इसे देश के विशाल सफेदा वृक्षों में दूसरे स्थान पर पहुंचाता है। खास बात यह है कि राष्ट्रीय रिकॉर्ड में दर्ज देश के सबसे मोटे सफेदा वृक्ष से आबू का यह वृक्ष महज 15 सेंटीमीटर पीछे है।

राष्ट्रीय रिकॉर्ड के अनुसार आंध्र प्रदेश के अनामैया जिले की मदनपल्ली रेंज स्थित हॉर्सली हिल पर देश का सबसे मोटा सफेदा वृक्ष दर्ज है। हिल स्टेशन के नाम पर इसका नाम हॉर्सली हिल रखा गया। वर्ष 1859 में तत्कालीन चित्तूर जिले के कलेक्टर डब्ल्यू. एच. हॉर्सले ने वहां यूकेलिप्टस ग्रैंडिस प्रजाति का पौधा लगाया था। वर्ष 1995 में भारत सरकार ने इस वृक्ष को देश का सबसे बड़ा सफेदा वृक्ष घोषित करते हुए महावृक्ष पुरस्कार प्रदान किया था। उस समय वृक्ष की आयु करीब 136 वर्ष, ऊंचाई 36 मीटर और वक्ष ऊंचाई पर परिधि 4.38 मीटर दर्ज की गई थी। वर्तमान में इसकी आयु करीब 167 वर्ष, ऊंचाई लगभग 40 मीटर और परिधि 4.70 मीटर बताई गई है। आबू के सफेदा वृक्ष की खासियत उसकी मोटाई के साथ-साथ उसकी संरचना भी है। डॉ. सतीश कुमार शर्मा के अनुसार वृक्ष के तने पर करीब तीन मीटर तक कोई शाखा नहीं है। इसके बाद तना कई शाखाओं में विभाजित हो जाता है। इतनी उम्र के बावजूद वृक्ष का खड़ा होना और उसका विशाल आकार आबू पर्वत की अनूठी जलवायु और यहां मौजूद पुराने वृक्षों की विरासत को सामने लाता है।



माउंट आबू वन्यजीव अभयारण्य के उप वन संरक्षक अनिल गुप्ता की सूचना के बाद डॉ. शर्मा ने मौके पर पहुंचकर वृक्ष का अध्ययन किया।



ब्रिटिशकाल में लगाया गया 150 वर्ष पुराना सफेदा ( यूकेलिप्टस ) वृक्ष।

डॉ. शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध महावृक्ष रिकॉर्ड से इसके आंकड़ों का मिलान कर इस वृक्ष की अहमियत सामने रखी है। उनके अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि आबू का यह पेड़ केवल राजस्थान का विशालतम सफेदा ही नहीं, बल्कि मोटाई के लिहाज से देश की महत्वपूर्ण वृक्ष विरासतों में शामिल है।

इस महत्वपूर्ण खोज के बाद वन विभाग द्वारा वृक्ष के संरक्षण की दिशा में कदम उठाए जाने की तैयारी है। वृक्ष के समीप सूचना पट्ट (साइन बोर्ड) लगाने की योजना है, ताकि यहां आने वाले पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों को राजस्थान की इस दुर्लभ वृक्ष विरासत के बारे में जानकारी मिल सके। डॉ. शर्मा का कहना है कि ऐसे पुराने और विशाल वृक्ष केवल पेड़ नहीं, बल्कि किसी क्षेत्र के प्राकृतिक इतिहास के जीवंत दस्तावेज होते हैं। इनका वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण और संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहद जरूरी है।

माउंट आबू में मिला यह सफेदा इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि देश के सबसे मोटे सफेदा वृक्ष और इसके बीच अब अंतर महज 15 सेंटीमीटर रह गया है। ऐसे में डॉ. सतीश कुमार शर्मा का यह शोध राजस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण वन-विरासत उपलब्धि के रूप में देखा जा सकता है।

# जोधपुर में स्टेट हाइवे के पेट्रोल पंप पर लूट

जोधपुर, (कासं)। शहर के विवेक विहार पुलिस थाना क्षेत्र में स्टेट हाईवे पर आए एक पेट्रोल पंप पर नकाबपोश बदमाशों ने आतंक मचाते हुए लूटपाट की। बदमाश अपने साथ तलवारें और चाकू लेकर आए। पंप पर कार्यरत स्टाफ से 7300 रूपए और दो मोबाइल लूट कर ले गए। घटना को लेकर विवेक विहार थाने में रिपोर्ट दी गई है। घटना कल रात एक बजे के आस पास होना बताया गया है। फिलहाल पुलिस अब एक बिना नंबर सफेद रंग की कार की तलाश में जुटी है।

विवेक विहार थाना पुलिस ने बताया कि गुढ़ा विश्नोईयान पूनियों की ढाणी निवासी मंगलाराम पुत्र चोखाराम बिश्नोई ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया गया है कि उसका विजय फिलिंग स्टेशन गुड़ा से डांगियावास रोड (स्टेट हाईवे 68) पर स्थित है। कल मध्यरात्रि लगभग 12 से 1 बजे के बीच सफेद रंग की एक कार उनके पेट्रोल पंप पर आकर रुकी, जिस पर आगे और पीछे कोई नंबर प्लेट नहीं लगी थी। कार से उतरे दो बदमाशों के हाथों में तलवार, गंडासा और चाकू जैसे घातक हथियार थे। बदमाशों ने ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ सुंदरलाल को जगाया और चाकू दिखाकर पैसे देने को कहा। जब सुंदरलाल ने मना किया, तो उन्होंने जान से मारने की धमकी देकर डर दिखाया और 7,300 रुपये नकद तथा दो मोबाइल फोन छीन लिए। सुंदरलाल के चिल्लाने पर पास के कमरे में सो रहे पेट्रोल पंप मैनेजर बाबूराम दौड़कर बाहर आए। उन्हें आता देख एक बदमाश तलवार लेकर उन्हें मारने दौड़ा, जिस पर मैनेजर ने डंडे से अपना बचाव किया।

रिपोर्ट में बताया कि जब दोनों बदमाश कार में बैठकर भागने लगे, तो पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया और कार पर डंडा मारा, जिससे कार का कांच टूट गया। इसके बावजूद बदमाश मौके से भाग निकले। घटना की सूचना पर पुलिस वहां पहुंची और मुआयना किया। इस बारे में अब एएसआई मुकेश कुमार की तरफ से जांच की जा रही है।

# अवैध शराब सहित दो गिरफ्तार

**मण्डावा,** (निसं)। अवैध शराब के परिवहन के खिलाफ मण्डावा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से अंग्रेजी शराब के 46 पव्वे और बीयर की 12 बोतलें बरामद की हैं। शराब के परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार, 7 सितंबर को थानाधिकारी चन्द्रभान मय जाप्ता गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर अवैध शराब लेकर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल को रूकवाकर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान बाइक सवार असलम पुत्र घासी खां (42) निवासी वार्ड नंबर 22, कस्बा मण्डावा तथा गौरव पुत्र पवन (30) निवासी वार्ड नंबर 22, कस्बा मण्डावा के कब्जे से शराब बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बिना लाइसेंस/अनुमति शराब अपने कब्जे में रखने एवं उसका अवैध परिवहन करने के आरोप में अभियोग पंजीबद्ध कर दोनों को गिरफ्तार किया।

# अजमेर में कांग्रेस ने 37 सदस्यों को छह साल के लिए निष्कासित किया

**अजमेर,** (निसं)। अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कड़े निर्देशों की पालना करते हुए, अजमेर जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) ने 37 सदस्यों को तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है।

अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव महेन्द्र चौधरी द्वारा 8 सितंबर को जारी निष्कासन आदेश के अनुसार, इन सदस्यों पर अधिकृत उम्मीदवारों के सामने बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का आरोप है। इसके अलावा, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संगठन विरोधी

- **जारी निष्कासन आदेश के अनुसार, इन सदस्यों पर अधिकृत उम्मीदवारों के सामने बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का आरोप है**

गतिविधियों में लिप्त रहकर पार्टी को नुकसान पहुंचाने के कारण यह कार्रवाई की गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि संगठन में अनुशासन ही सबसे बड़ी शक्ति है और अनुशासनहीनता को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जा सकता।

**इन सदस्यों को किया गया निष्कासित :-**पार्टी से 6 साल के लिए बाहर किए गए सदस्यों की सूची में बनवारी लाल शर्मा, ओम प्रकाश मंडावरा, रविप्रकाश शर्मा, निखिल टंडन, पायल जैन, कैलाश कोमल, पप्पू कुरैशी, मोहम्मद आजाद, आफरीन बीबी, विनय धौलखडिया, सैयद मुजादीप काजमी, अजमद उसेना, अली नासिर, पूरण सेन, हीरालाल, आकृति गहरवाल, सविता रानी, मनमोहन, गितिका, रेखा पिंगोलिया, संजय यादव, धर्मीचन्द यादव, रिक्की जोनवाल, पंकज जोनवाल, सुनीता, देमेन्द्र सिंह, मनोज ज्योतियाना, बीना टाक, उत्तम गोस्वामी, सुमन जगरवाल, योगेश गोठवाल, तिपाशा खिंची, गायत्री देवी, रेश्मा लखन, स्नेलता नागौरी, हितेश्वरी टांक और हिमांशु गर्ग के नाम शामिल हैं।

# उदयपुरवाटी में 7.70 लाख की संदिग्ध नकदी जब्त

**उदयपुरवाटी,** (निसं)। नगरीय निकाय चुनाव 2026 को लेकर पुलिस की सघन निगरानी के बीच उदयपुरवाटी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 लाख 70 हजार 400 रूपये की संदिग्ध नकदी जब्त की है। पुलिस ने राशि को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 7 सितंबर को उप निरीक्षक संतोष मय जाप्ता वाहन 112 से थाना उदयपुरवाटी से रवाना होकर भैरूघाट उदयपुरवाटी में नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने इनोवा कार को रूकवाकर उसकी जांच की। वाहन की पीछे की डिग्गी में रखे एक बैग की तलाशी लेने पर उसमें 7,70,400 रूपये नकद मिले। इतनी बड़ी राशि के संबंध में पुलिस ने चालक से पूछताछ

- **वाहन की पीछे की डिग्गी में रखे एक बैग की तलाशी लेने पर नकदी मिली**

की, लेकिन चालक राशि के संबंध में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे सका। नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर संदिग्ध रूप से नकदी का परिवहन किए जाने तथा राशि के संबंध में संतोषजनक जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस ने पूरी रकम जब्त कर ली। जब्त राशि के स्त्रोत और उसके संबंध में अन्य तथ्यों की जांच जारी है। नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए पुलिस द्वारा नाकाबंदी एवं वाहन चेकिंग के जरिए संदिग्ध नकदी और अन्य गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाई गई है।

# बीकानेर में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन भाइयों को कुचला, मौत

**बीकानेर,** (निसं)। बाइक पर जा रहे तीन चचेरे भाइयों की सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। तीनों भाई किसी कार्यक्रम में शामिल होकर गांव लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा जोधपुर हाईवे पर पलाना और उदयरामसर के बीच गंगाशहर थाना इलाके में रात करीब 1 बजे हुआ। पुलिस ने शव पीबीएम हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन और उसके ड्राइवर का पता लगाने में जुटी है।

गंगाशहर थानाधिकारी गणेश बिश्नोई ने बताया कि स्वरूपदेसर निवासी चन्दाराम, तोलाराम और

- **तीनों चचेरे भाई किसी कार्यक्रम में शामिल होकर गांव लौट रहे थे**
- **हादसे के बाद रास्ते से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने गंगाशहर पुलिस को सूचना दी**

महेंद्र सिहाग की मौत हुई है। तीनों चचेरे भाई पलाना (नोखा रोड पर) में किसी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहां से लौटते समय जैन समाज के एक भवन के पास भारी वाहन ने उनकी बाइक को चपेट में ले लिया। तीनों के सिर में गंभीर चोटें आईं। काफी देर तक खून बहता रहा। अधिक खून बहने के कारण तीनों ने मौके पर दम तोड़ दिया। हादसे के बाद रास्ते से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने गंगाशहर पुलिस को सूचना दी। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि हादसे में गलती किसकी थी, क्योंकि बाइक सवार तीनों युवकों की मौत हो चुकी है। स्वरूपदेसर गांव के लाधुराम सियाग के तीन बेटे हैं। हादसे में उनके तीनों बेटों के एक-एक बेटे की मौत हो गई। तीनों युवक विवाहित थे। करीब दो साल के अंतराल में उनकी शादी हुई थी। तीनों किराना की दुकान पर काम करते थे।

# दो लोगों के बैंक खाते से लाखों की रकम पार

**जोधपुर,** (कासं)। साइबर बदमाशों ने जिला पश्चिम में दो जनों को साइबर फ्रॉड का शिकार बना डाला। शातिरों ने उनके बैंक खातों से दो लाख से ज्यादा की रकम को पार कर लिया। एसओजी की तरफ से जीरो नंबर एफआईआर पर अब संबंधित थानों में रिपोर्ट दी गई है। पीड़ितों में एक नौकरी पेशा व्यक्ति है, जबकि दूसरी वृद्ध महिला बताई जाती है। पुलिस ने साइबर ठगी के संबंध में जांच आरंभ की है।

भगत की कोठी पुलिस ने बताया कि मधुबन हाउसिंग बोर्ड डीडीपी नगर निवासी परिवादी गौतम चंद गौड़ पुत्र पारसमल की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी माताजी सुमित्रा देवी के खाते से 28 अगस्त को फोन-पे के माध्यम से 1 लाख रुपए किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। परिवादी के अनुसार उसे इस लेन-देन की जानकारी नहीं थी। रिपोर्ट में बैंक खाते से हुई संदिग्ध निकासी को लेकर जांच की मांग की गई है। पुलिस अब बैंक खाते, फोन-पे लेन-देन और संबंधित मोबाइल नंबरों की जानकारी जुटाकर यह पता लगाने में जुटी है कि रकम किसके खाते में और किस तरीके से ट्रांसफर हुई। जांच सहायक उप निरीक्षक अरमोश सिंह की तरफ से की जा रही है।

वहीं सरदारपुरा पुलिस के अनुसार मोटर गैराज खानपुर झालावाड़ हाल सरदारपुरा, बी रोड निवासी सुरेश पुत्र बाबूलाल तंबोली ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह नौकरी करता है। 17 अगस्त को अज्ञात शख्स द्वारा उसके बैंक एकाउंट से एक लाख रूपए ट्रांसफर कर लिए गए। पता लगने पर उसके द्वारा साइबर पोर्टल पर इसकी शिकायत दी गई थी। सरदारपुरा जांच में जुटी है।

# अवैध एमडीएमए के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर डबोक थानाधिकारी गोपालनाथ, डीएसटी टीम प्रभारी निरीक्षक भरत योगी मय टीम ने कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना विशेष नाकाबंदी के दौरान बाइक सवार दो व्यक्ति को रोक तलाशी ली तो इनके कब्जे से 6.04 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएम बरामद हुई। पुलिस ने बाइक व मादक पदार्थ जब्त कर राजकुमार पुत्र पोखर निवासी पालवास खुर्द डबोक, सुरेश पुत्र पूथाराम निवासी बैकारी नगरी डबोक को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। वहीं भुपालपुरा थानाधिकारी रतनसिंह मय टीम ने डोडा तस्करी में वांछित आरोपी बाबुलाल कीर उर्फ फुफा पुत्र चुन्नीलाल कीर निवासी कीर खेड़ा वल्लभनगर, अजय जाट पुत्र रामलाल जाट निवासी बोहेडा बड़ी सादड़ी को गिरफ्तार किया।

# महिला का मोबाइल हैक कर नकदी निकाली

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। यहां महिला वकील के पेटीएम अकाउंट से हैकर ने 59,701 रुपए में से 59 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। महिला का मोबाइल कई घंटे बंद था। शाम को फोन ऑन करने पर उन्हें खाते से रकम निकलने का पता चला और अकाउंट में सिर्फ 701 रुपए बचे थे। बैंक या पेटीएम की ओर से ट्रांजेक्शन का कोई मैसेज भी नहीं आया। महिला ने उसी रात साइबर क्राइम थाने में शिकायत दी और अगले दिन पुरानी आबादी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 21 अगस्त को पुरानी आबादी थाना क्षेत्र में हुई।

पुलिस को दी शिकायत में एडवोकेट रेणु वर्मा (41), निवासी वार्ड नंबर 13, पुरानी आबादी, ने बताया कि उनका पंजाब नेशनल बैंक की नगर परिषद ब्रांच में अकाउंट है। इसमें 59,701 रुपए जमा थे। 21 अगस्त 2026 को शाम करीब 4:09 बजे अज्ञात हैकर ने उनका मोबाइल हैक कर पेटीएम के जरिए 59 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए।

रेणु ने बताया कि सुबह 9:30 से दोपहर 3:30 बजे तक उनका फोन बंद था। बाद में उन्होंने थोड़ी देर के लिए मोबाइल खोला और फिर बंद रखा। शाम करीब 5:30 बजे फोन ऑन करने पर खाते से रुपए निकलने का पता चला। अकाउंट में सिर्फ 701 रुपए बचे थे। बैंक की ओर से उन्हें ट्रांजेक्शन का कोई मैसेज भी नहीं आया। महिला वकील ने उसी रात करीब 9:15 बजे साइबर क्राइम थाने (शिव चौक) में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद सुबह पुरानी आबादी थाने में भी शिकायत दी। उनकी रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वृद्ध से मोबाइल लूटा

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में सरदारपुरा, नौवीं पाल रोड पर एक वृद्ध मजदूर को धक्का देकर स्कूटी सवार उसका मोबाइल लूट कर ले गए। पीड़ित ने इस बारे में सरदारपुरा थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस ने पड़ताल के लिए कुछ संदिग्ध को हिरासत में लिया है। जल्द ही खुलासे की उम्मीद जताई जा रही है।

सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि आचार्यों का बास, बाड़मेर कोतवाली हाल कमला नेहरू नगर, सी सेक्टर में रहने वाले 67 साल के वृद्ध रामस्वरूप पुत्र लादूराम आचार्य की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वे 5 सितंबर की देर शाम को पैदल नौवीं पाल रोड से निकल रहे थे। तब पीछे से एक स्कूटी पर दो बदमाश आए और उन्हें धक्का देकर गिरा दिया, फिर उनका मोबाइल लूट कर ले गए। इस बारे में सरदारपुरा पुलिस ने लूट का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार वारदात में शरीक संदिग्ध को सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है।

# दो साल से फरार आरोपी को हरियाणा से दबोचा

**खेतड़ी,** (निसं)। पुलिस थाना मेहाड़ा की टीम ने चोरी के प्रकरण में करीब दो साल से फरार चल रहे पांच हजार रूपये के इनामी वांछित आरोपी राजेन्द्र उर्फ राजू को गिरफ्तार किया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपनी पहचान छिपाकर अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने बदल रहा था। पुलिस ने सूचना तंत्र एवं तकनीकी निगरानी के जरिए आरोपी का पीछा करते हुए उसे हरियाणा के ग्राम मोहनपुर की बणी से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार चोरी के प्रकरण में करीब दो साल से फरार आरोपी राजेन्द्र उर्फ राजू की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम ने थाना क्षेत्र के अलावा हरियाणा, दिल्ली, गुरूग्राम, रेवाड़ी, पंजाब एवं गुजरात सहित संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश और तलाश की। आरोपी गिरफ्तारी के भय से अपनी

- **आरोपी अपनी पहचान छिपाकर लगातार ठिकाने बदल रहा था**

पहचान छिपाकर लगातार लोकेशन बदल रहा था। इसके बावजूद पुलिस टीम ने सूचना तंत्र एवं तकनीकी माध्यमों की सहायता से आरोपी की गतिविधियों पर नजर बनाए रखी। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस को आरोपी के हरियाणा क्षेत्र में होने की सूचना मिली। टीम ने कार्रवाई करते हुए 7 सितंबर को हरियाणा के ग्राम मोहनपुर की बणी से राजेन्द्र उर्फ राजू को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजेन्द्र उर्फ राजू (60) पुत्र ताराचंद जाटनिवासी मेहाड़ा जाटुवास के रूप में हुई है।

# अलवर में वार्ड 61 की वोटर लिस्ट में 36 मतदाताओं के नाम डबल

## एक ही वोटर का नाम अलग-अलग नंबर पर जोड़ा, जिला कलैक्टर तक पहुंची शिकायत

**अलवर,** (निसं)। अलवर में नगर निकाय चुनाव में मतदान से एक दिन पहले वार्ड 61 की मतदाता सूची में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। सूची की जांच के दौरान 36 मतदाताओं के नाम दो-दो जगह दर्ज मिले। लिस्ट में कई मतदाताओं के नाम एक ही भाग संख्या में अलग-अलग क्रमांक पर दर्ज हैं। वहीं कई नाम अलग-अलग भाग संख्या में दोहराए गए हैं।

वार्ड 61 के कांग्रेस बूथ अध्यक्ष लल्लू राम सैनी ने बताया कि मतदाता सूची में 36 वोटर के नाम, फोटो, पिता के नाम आदि समान मिले हैं। कांग्रेस बूथ अध्यक्ष लल्लू राम सैनी ने कहा कि मेरी मांग है कि मतदाता सूची में दर्ज इन डुप्लीकेट प्रविष्टियों की जांच कराई जाए और पूरी पारदर्शिता के साथ

- **लिस्ट में कई मतदाताओं के नाम एक ही भाग संख्या में अलग-अलग क्रमांक पर दर्ज हैं, वहीं कई नाम अलग-अलग भाग संख्या में दोहराए गए हैं**

मतदान कराया जाए। मतदाता सूची में अखिल शर्मा, अनीता शर्मा और अरुण कुमार शर्मा के नाम भाग संख्या-1 में दो-दो जगह दर्ज बताए गए हैं।

अशोक का नाम भाग संख्या-1 और 3 में, दुर्गा देवी का भाग संख्या-2 में दो जगह, हरिनारायण प्रसाद का भाग संख्या-1 में दो जगह और हेमलता देवी का नाम भाग संख्या-1 और 2 में दर्ज है। इसी तरह हिमांशु जांगिड़ का भाग-3 में दो जगह, इसराइल खान और जगदीश प्रसाद जांगिड़ का भाग-2 में दो जगह नाम दर्ज बताया गया है। इसके अलावा ज्योति यादव का नाम भाग-1 और 2, कोमल सैनी का भाग-2 और 3, कृष्णा देवी का भाग-1 में दो जगह, कृतिका गुप्ता का भाग-2 में दो जगह, लाल सिंह का भाग-1 और 2 तथा मोहित सैनी का नाम भाग-1 में दो जगह दर्ज बताया गया है। वहीं दूसरे मोहित का नाम भाग-2 और 3 में दर्ज है। निर्मला नाम की दो अलग-अलग प्रविष्टियों में एक का नाम भाग-2 और 3 तथा दूसरी का भाग-1 और 2 में दर्ज बताया गया है। ओमप्रकाश का भाग-1 में दो जगह, प्रमोद जांगिड़ का भाग-2 और 3, प्रतीक का भाग-1 में दो जगह और प्रीति जांगिड़ का भाग-3 में नाम दर्ज है। राधेश्याम का भाग-1 और 2, राहुल सैनी का भाग-3 में दो जगह, राजीव का भाग-1 और 3 तथा राजकुमार चावड़ा का भाग-1 और 3 में नाम दर्ज बताया गया है।

इसी तरह संतोष कुमारी का भाग-2 में दो जगह, संतोष देवी का भाग-1 में दो जगह, सरिता का भाग-2 में दो जगह, सरोज देवी का भाग-1 और 2, शकुंतला का भाग-2 और 3, श्रवण कुमार का भाग-2 और 3, सुनीता देवी का भाग-2 में दो जगह, सूरज का भाग-3 में दो जगह और विमला का भाग-3 में दो जगह नाम दर्ज होने की बात सामने आई है।

# रामदेवरा मेले में खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई

**रामदेवरा,** (निसं)। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुरलीधर सोनी के निर्देशानुसार रामदेवरा मेले में श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा सोमवार को खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लगभग 5 किलोग्राम अवधिपार विभिन्न मसाले, 3 लीटर अधिक बार प्रयोग किया गया तेल तथा खराब सब्जियां, चावल पाए जाने पर उनका मौके पर ही नष्टीकरण करवाया गया। इस दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को साफ-सफाई बनाए रखने, गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री का उपयोग करने तथा अवधिपार, खराब एवं बार-बार उपयोग किए गए खाद्य तेल का प्रयोग नहीं करने के निर्देश दिए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी कीर्तिपाल सिंह भाटी एवं स्वरूप चारण की टीम ने बताया कि रामदेवरा मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

# बारिश से रास्ता अवरुद्ध होने पर नाव से मतदान केंद्र पहुंचा मतदान दल

## मतदान केंद्र क्रमांक 59, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कल्लादह तक का मार्ग अवरुद्ध हो गया

**करौली,** (निसं)। नगर निकाय आम चुनाव के दौरान लोकतंत्र के प्रति कर्तव्य और समर्पण की अनूठी तस्वीर नगर परिषद करौली के वार्ड नंबर 48 में देखने को मिली। क्षेत्र में बारिश के चलते भद्रावती नदी में पानी का बहाव बढ़ जाने से मतदान केंद्र क्रमांक 59, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कल्लादह तक पहुंचने का मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। ऐसे विषम हालात में मतदान प्रक्रिया को सुचारु बनाए रखने के लिए मतदान दल को नाव के माध्यम से मतदान केंद्र तक पहुंचाया गया।

निर्वाचन शाखा के राजेन्द्र दीवान ने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम करौली राकेश कुमार रावत के निर्देशन में प्रशासन ने मतदान दल की सुरक्षित आवाजाही की व्यवस्था सुनिश्चित की। गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग (सिविल डिफेन्स) के होमगार्ड जवानों व बीएलओ मनीष कुमार ने पुलिस सुरक्षा के बीच नाव से मतदान दल को नदी पार कराकर मतदान केंद्र तक पहुंचाया। बारिश और नदी के उफान के बीच नाव पर सवार मतदान दल की यह तस्वीर लोकतंत्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठा और प्रशासन की तत्परता का संदेश देती नजर आई। बारिश के कारण मार्ग बंद होने के बावजूद प्रशासन ने हौसला नहीं खोया और अपने दायित्व को निभाने के लिए नाव का सहारा लिया।



सिविल डिफेन्स के जवानों व बीएलओ मनीष कुमार ने नाव से मतदान दल को नदी पार कराई।